| |
|---|
| दिनांक 03.04.2025 |
| प्रेस विज्ञप्ति 05/2025 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**<u>जनपद भदोही/थाना भदोही</u>**

- **पुलिस कार्यवाही में 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 01 मोटर साइकिल**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनांक 03.04.2025 को थाना भदोही व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर थाना क्षेत्रान्तर्गत चेकिंग के दौरान मोटर साइकिल सवार बदमाश को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त अलिम उर्फ नन्हका घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से चोरी की 01 मोटर साइकिल, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुए। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद भदोही के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, लूट, गैंगेस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 07 अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्त थाना भदोही पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना भदोही पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1–अलिम उर्फ नन्हका निवासी बाजार सरदार खां थाना व जनपद भदोही।

**बरामदगी**

1–चोरी की 01 मोटर साइकिल।

2–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

## जनपद भदोही/थाना गोपीगंज

- **10 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनांक 03.04.2025 को थाना गोपीगंज पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर रेलवे स्टेशन ज्ञानपुर के पास से पुरस्कार घोषित अभियुक्त गोपाल कृष्ण उर्फ बुल्ले को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जो थाना ज्ञानपुर पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 10 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना गोपीगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–गोपाल कृष्ण उर्फ बुल्ले निवासी आनापुर थाना गोपीगंज जनपद भदोही।

## जनपद सम्भल/थाना बहजोई/थाना बनियाठेर

- **पुलिस कार्यवाही में 03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट की 01 मोटर साइकिल, 01 मोबाइल फोन**
- **08 हजार 700 रूपये नगद**
- **सफेद धातु के आभूषण**
- **02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस**
- **घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल आदि बरामद**

दिनांक 03.04.2025 को थाना बहजोई पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम बिसारू रेलवे लाइन के पास चेकिंग के दौरान मोटर साइकिल सवार बदमाशों को रोकने

का प्रयास किया गया तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। बदमाशों द्वारा की गई फायरिंग में एक आरक्षी घायल हो गया, पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त 1–बंटी घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया एवं सूचना के आधार पर थाना बनियाठेर पुलिस टीम द्वारा ग्राम थरेसा आटा पंवासा रोड पर पुलिस कार्यवाही में अभियुक्त 2–नौरंग 3–विशाल को घायल/गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से लूट की 01 मोटर साइकिल, 01 मोबाइल फोन, 08 हजार 700 रूपये नगद, सफेद धातु के आभूषण, 02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस, घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल आदि बरामद हुए। घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिसमें अभियुक्त बंटी के विरूद्ध जनपद सम्भल, मुरादाबाद, बदायूँ के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, चोरी, आर्म्स एक्ट आदि के 06 अभियोग, अभियुक्त नौरंग के विरूद्ध जनपद रामपुर, सम्भल, बदायूँ के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, लूट, चोरी, गैंगेस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 14 अभियोग एवं अभियुक्त विशाल के विरूद्ध जनपद मुरादाबाद, सम्भल, बदायूँ के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, चोरी, आबकारी एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 05 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना बहजोई व थाना बनियाठेर पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–बंटी निवासी मोहल्ला अब्दुल्ला थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद।

2–नौरंग निवासी ग्राम विरामपुर उर्फ इब्राहिमपुर मिर्जा थाना सोनकपुर जनपद मुरादाबाद।

3–विशाल निवासी हर्षनगर कस्बा व थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद।

**बरामदगी**

1–लूट की 01 मोटर साइकिल, 01 मोबाइल फोन।

2–08 हजार 700 रूपये नगद।

3–सफेद धातु के आभूषण।

4–02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

5–घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल आदि।

## जनपद बाराबंकी/थाना रामनगर

- **पुलिस कार्यवाही में 01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूटी गयी कार**
- **लूट के 08 हजार रूपये नगद**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनॉकः 02.04.2025 को थाना रामनगर व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम लोहटी पसई पुराना बाईपास, बोहनिया पुलिया के पास बदमाश की घेराबन्दी की गयी तो बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त निखिल घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से लूटी गयी कार, लूट के 08 हजार रूपये नगद, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुए। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि थाना रामनगर क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना रामनगर पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त की गिरफ्तारी व माल की बरामदगी के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्त से बरामद रूपये, कार उक्त लूट की घटना से सम्बन्धित हैं।

इस सम्बन्ध में थाना रामनगर पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–निखिल निवासी किदवई नगर थाना किदवई नगर, कानपुर नगर।

**बरामदगी**

1—लूटी गयी कार।

2—लूट के 08 हजार रूपये नगद।

3—01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

**जनपद हाथरस/थाना मुरसान**

- **पुलिस कार्यवाही में 01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूटी गयी मोटर साइकिल**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनॉकः 03.04.2025 को थाना मुरसान व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर सुसावली बम्बा के पास चेकिंग के दौरान बदमाश की घेराबन्दी की गयी तो बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त देवेन्द्र उर्फ देवकी घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से लूटी गयी मोटर साइकिल, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुये। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि थाना मुरसान क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाश द्वारा लूट की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना मुरसान पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्त से बरामद मोटर साइकिल उक्त लूट की घटना से सम्बन्धित हैं।

इस सम्बन्ध में थाना मुरसान पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—देवेन्द्र उर्फ देवकी निवासी ग्राम रहना थाना हाथरस गेट जनपद हाथरस।

**बरामदगी**

1—लूटी गयी मोटर साइकिल।

2—01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

## जनपद बिजनौर/थाना नजीबाबाद

- **पुलिस कार्यवाही में 01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय खोखा कारतूस आदि बरामद**

दिनांक 03.04.2025 को थाना नजीबाबाद पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम जफरपुर जंगल में बदमाशों की घेराबन्दी की गई तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त फईम घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। अन्य तीन बदमाश मौके से फरार हो गये, जिनकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय खोखा कारतूस आदि बरामद हुए। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद बिजनौर के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, चोरी, सीएस एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 05 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना नजीबाबाद पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—फईम निवासी ग्राम करमसखेडी थाना नजीबाबाद जनपद बिजनौर।

**बरामदगी**

1—01 अवैध तमंचा 315 बोर मय खोखा कारतूस आदि।

## कमिश्नरेट गाजियाबाद/थाना सूरजपुर

- **पुलिस कार्यवाही में 01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस**
- **घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल बरामद**

दिनांक 03.04.2025 को थाना सूरजपुर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर मोजरबियर गोल चक्कर पर चेकिंग के दौरान मोटर साइकिल सवार बदमाश को रोकने

का प्रयास किया गया तो बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त इमरान घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस, घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल बरामद हुए। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध कमिश्नरेट गाजियाबाद व गौतमबुद्धनगर के विभिन्न थानो में चोरी, एनडीपीएस एक्ट आदि के 14 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना सूरजपुर पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1—इमरान निवासी ग्राम नाहल थाना मसूरी कमिश्नरेट गाजियाबाद।

**<u>बरामदगी</u>**

1—01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

2—घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल।

- **<u>जनपद गोरखपुर/थाना गुलरिहा (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा व 30 हजार रूपये अर्थदण्ड)</u>**

जनपद गोरखपुर पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद गोरखपुर द्वारा थाना गुलरिहा पर पंजीकृत अभियोग में धारा 302 भादवि के अन्तर्गत अभियुक्त प्रदीप को आजीवन कारावास व 30 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

- **<u>जनपद बुलन्दशहर/थाना डिबाई (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को सश्रम आजीवन कारावास की सजा व 07 हजार रूपये अर्थदण्ड)</u>**

जनपद बुलन्दशहर पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद बुलन्दशहर द्वारा थाना डिबाई पर पंजीकृत अभियोग में धारा 302/34/307 भादवि के

अन्तर्गत अभियुक्त कन्हैया को सश्रम आजीवन कारावास व 07 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

- **<u>जनपद इटावा/थाना इकदिल (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को 25 वर्ष के कठोर कारावास की सजा व 40 हजार रूपये अर्थदण्ड)</u>**

जनपद इटावा पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद इटावा द्वारा थाना इकदिल पर पंजीकृत अभियोग में धारा 65(2) बीएनएस व 6 पॉक्सो एक्ट के अन्तर्गत अभियुक्त अंकित को 25 वर्ष के कठोर कारावास व 40 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

————————